हरिभूमि

# भिवानी-दादरी भूमि

रोहतक, बुधवार, 17 जुलाई 2024



11 जिली के अघोषित कटों को लेकर वार्डवासियों ...



12 दिनभर बसों का इंतजार करते रहे यात्री, खाली पड़े ...




## खबर संक्षेप

### वंचित लाभार्थी 23 तक दस्तावेज जमा करवाएं

**भिवानी।** एडीसी कम नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी हर्षित कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के 3811 लाभार्थियों में से बचे हुए 1764 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ लेने के लिए अंतिम अवसर दिया जाता है। इस योजना के वंचित लाभार्थी 17 से 23 जुलाई तक अपने मकान से सम्बधिंत सभी दस्तावेज लघु सचिवालय के सरल केन्द्र के ऊपर प्रथम तल पर कमरा नं019 प्रधानमंत्री आवास योजना कार्यालय में जमा करवाना सुनिश्चित करे।

### रोजगार कार्यालय में 19 को रोजगार मेला

**भिवानी।** डीसी मन्दीप कौर के दिशा-निर्देश पर जिला रोजगार कार्यालय, भिवानी द्वारा 19 जुलाई को जिला रोजगार कार्यालय, भिवानी में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले में सांवरिया बायोटेक कंपनी द्वारा भाग लिया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी कविता ग्रेवाल ने बताया कि इच्छुक प्रार्थी मेले में भाग लेकर रोजगार के अवसरों का फायदा उठा सकते हैं और अपनी बेहतर करियर चुन सकते हैं। इस मेले में पुरुष प्रार्थी ही भाग ले सकते है। प्रार्थी को अपने रोजगार विभाग का पंजीकरण कार्ड, मूल प्रमाण पत्र आधार कार्ड, योग्यता प्रमाण पत्र सहित 10:30 बजे जिला रोजगार कार्यालय भिवानी में उपस्थित होकर रोजगार मेले में भाग ले सकते है। इस साक्षात्कार के लिए कोई यात्रा भाता देय नहीं होगा।


# पहली बार मानसून में भी पेयजल को तरस रहे लोग

## एक दिन छोड़कर मिल रहा पीने का पानी, कई इलाकों में खरीद कर पीना पड़ रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

पहली बार मानसून आने(बारिश का मौसम) के बाद लोग पीने के पानी के लिए तरस रहे है। नहरी पानी के न पहुंचने तथा जलघरों में पानी का स्टॉक खत्म होने की वजह से सप्लाई की राशनिंग करनी पड़ी। लोगों को एक दिन छोड़कर भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है। जिसके चलते लोगों को हलक तर करने के लिए हैंडपम्प या फिर टैंकरों का सहारा लेना पड़ रहा है। अगर नहरी पानी नहीं पहुंचा तो जल्द ही चौथे दिन लोगों के घरों में पानी की सप्लाई पहुंच पाएगी। फिलहाल पीने के पानी का शहर में जबरदस्त संकट बना है। यही स्थिति ग्रामीण इलाकों में बनी है।

वैसे तो शहर के सभी जलघरों में पानी का स्टॉक अंतिम पड़ाव पर है,लेकिन पुराना जलघर में स्थिति सबसे खराब बनी है। यहां पर आधे से ज्यादा टैंकों में पानी का स्टॉक खातमे की कगार पर पहुंच गया है। केवल एक टैंक में ही तीन से चार दिनों के पानी का स्टॉक बचा है। बाकी टैंकों में गाद निकल आई है। जिसका पानी सप्लाई में प्रयोग नहीं हो सकता। इस दौरान उक्त जलघर से कर्मचारी ट्यूबवेलों का खारा पानी मिलाकर लोगों के घरों तक पहुंचा रहे है। डॉबर स्थित जलघर की स्थिति जुदा नहीं है। वहां पर भी सप्ताह भर का पानी का स्टॉक बचा है। अगर इस दरम्यान नहरी पानी नहीं पहुंचा तो बारिश के मौसम में लोगों को पीने के पानी की समस्या से दो चार होना पड़ेगा। चूंकि इसी जलघर से आधे से ज्याद शहर को पीने के पानी की सप्लाई की जाती है। इसी तरह गांव निनान स्थित जलघर में पानी कम ही बचा है। अगर सभी जलघरों का पानी खत्म हो जाता है तो इसी जलघर से शहर में पीने के पानी की सप्लाई की जाती है। फिलहाल उक्त जलघर में भी पानी कम ही बचा है। अगर एक सप्ताह के भीतर नहरों में पानी नहीं पहुंचा तो पीने के पानी के लिए जनता सड़कों पर उतर आएगी। किसी जलघर में सप्ताह का तो किसी दो दिन और फालतू सप्लाई का पानी बचा है। ऐसे में पीने के पानी की सप्लाई तीसरे दिन की बजाए चौथे दिन करनी पड़ सकती है।





भिवानी। जलघर के टैंक में पानी खतम होने के बाद बची गाद का दृश और जलघर में कुछ दिनों की सप्लाई का बचा पानी का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

**खारे पानी की सप्लाई हो रही है देहात में:** ग्रामीण इलाकों में स्थिति ओर भी दयनीय बनी है। जलघरों में पानी खत्म होने के बाद अब वहां पर लगाए गए टयूबवैलों के जरिए ही लोगों के घरों तक पीने के पानी की सप्लाई की जा रही है। क्योंकि अधिकांश गांव ऐसे है। जहां के जलघरों में पीने का पानी पूरी तरह से खत्म हो गया है। अब वहां पर केवल टयूबवैलों के सहारे ही पानी की सप्लाई का विकल्प बचा है। कई गांव तो ऐसे है,जिनका पानी न तो पीने लायक है और न ही किसी अन्य कार्य के प्रयोग में लाया जा सकता।

### सूखने लगी फसल

नहरी पानी न पहुंचने के चलते किसानों द्वारा अपने खेतों में लगाई की धान की फसल सूखने लगी है। इनके अलावा कपास व बाजरे की फसल भी मुरझा गई। इस वक्त इन फसलों को सिंचाई की बेहद जरूरत है। अगर इस वक्त सिंचाई नहीं की गई तो फसलों का फुटाव रुकना लाजिमी है। जिससे खरीफ फसलों की औसतन पैदावार घटना लाजिमी है। विगत में नहरी पानी की मांग को लेकर किसान आंदोलन कर चुके है।



भिवानी। टास्क फोर्स कमेटी की बैठक में निर्देश देते उपायुक्त। फोटो : हरिभूमि

# अवैध खनन व ओवरलोडिंग के साथ सख्ती से निपटें: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

अवैध खनन और ओवरलोड वाहनों तुरंत प्रभाव से लगाम कसनी चाहिए। जिला में किसी भी क्षेत्र से ओवर लोड वाहन नहीं निकलना चाहिए। यह निर्देश उपायुक्त मनदीप कौर ने टास्क फोर्स कमेटी को बैठक में दिए। इस मौके पर अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए मनदीप कौर ने कहा कि आम जनता को सुरक्षित सड़के और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध करवाना प्रशासन का प्रथम दायित्व है और इसके लिए ओवरलोडिंग तथा अवैध खनन पर पूरी तरह रोक लगानी आवश्यक है। अधिकारी संयुक्त टीमें बनाकर फील्ड में उतरें और ऐसे लोगों पर लगाम लगाए।

उपायुक्त ने कहा कि त्वरित कार्रवाई को अंजाम देने के लिए पुलिस विभाग, टास्क फोर्स, खनन अधिकारी और पर्यावरण अधिकारी एक संयुक्त टीम का गठन करें ताकि मौके पर ही तमाम कार्रवाई की जा सके। उन्होंने बताया कि 2033-24 के दौरान आरटीए की टीमों ने अभी तक 1056 चालान काटे जिनसे लगभग 3.25 करोड़ रुपये की वसूली की गई है। उपायुक्त ने कहा कि पावर लोड वाहन सड़कों को क्षतिग्रस्त करते हैं और सरकारी राजस्व की चोरी करते हैं। उपायुक्त ने डीएफओ को निर्देश देते हुए कहा कि राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित करते हुए अरावली इलाके की जल्द से जल्द पैमाइश करें ताकि अवैध खनन को रोका जा सके।

### बवानी खेड़ा क्षेत्र के गांव से लड़की लापता, केस दर्ज

**बवानीखेड़ा।** खंड बवानी खेड़ा खंड के अंतर्गत आने वाले एक गांव से एक लड़की लापता हो गई। पुलिस ने पिता की शिकायत पर पुत्री की गुमशुदगी का मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। लड़की के पिता ने बताया कि वह रविवार को परिवार सहित सोए थे। रात को देखा तो उसकी पुत्री बिस्तर पर नहीं थी। उसकी लगभग 23 वर्षीय पुत्री रात को अज्ञात परिस्थितियों में लापता हो गई। परिजनों ने उसे हर संभव आसपास व रिश्तेदारी में तलाश किया लेकिन उसका कहीं अता-पता नहीं चला। लड़की के पिता ने बताया कि उसकी पुत्री के पास फोन भी नहीं है। पुलिस ने पिता की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी।




भिवानी। प्रतिभागी बच्चों के साथ स्कूल स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

# कराटे चैंपियनशिप में भावेश कुमार ने गोल्ड व युक्ति ने जीता रजत पदक

- के. एम.पब्लिक स्कूल की कक्षा तीन का छात्र है भावेश, प्रार्थना सभा में दोनों छात्रों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

12 जुलाई को जिला कराटे एसोसिएशन द्वारा जिलास्तरीय कराटे चैंपियनशिप राजपूत धर्मशाला, भिवानी में आयोजित की गई जिसमें स्थानीय के. एम.पब्लिक स्कूल के कक्षा तृतीय के छात्र भावेश कुमार ने गोल्ड तथा कक्षा चतुर्थ से युक्ति ने रजत पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष मनीष सिंघानिया, प्रबंधक आनंद बासिया, प्राचार्या रेनू सैनी, उप प्राचार्या नीलम गौतम, समिति सदस्य अमिता शर्मा व सुनील शर्मा तथा प्राथमिक विंग प्रभारी अंजु पोपली ने प्रार्थना सभा में दोनों विद्यार्थियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

अध्यक्ष महोदय ने बच्चों के माता-पिता को बधाई देते हुए कहा कि दोनों बच्चे न केवल पढ़ाई में होशियार हैं अपितु खेलों में भी अव्वल रहते हैं। दोनों ने मेडल प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय प्रबंधन समिति सचिव राजेश मोड़ा तथा समिति सदस्य जितेन्द्र गोयल ने बच्चों की उपलब्धि पर उन्हें बधाई व अपना आशीर्वाद दिया।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर गतिविधि प्रभारी सारिका पंडित, खेल शिक्षिका सुनीता नेहरा, बबीता जांगड़ा तथा अन्य अध्यापकगण उपस्थित रहे।

# भवन निर्माण कारीगर मज़दूर यूनियन ने श्रम मंत्री को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

भवन निर्माण कारीगर मज़दूर यूनियन हरियाणा संबंधित एआईयूटीयूसी का प्रतिनिधि मंडल पंचायत भवन भिवानी में हरियाणा भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अधिकारियों से मिला और श्रम मंत्री सरकार के नाम ज्ञापन सौंपा।

भवन निर्माण कारीगर मज़दूर यूनियन हरियाणा के जिला सचिव धर्मवीर सिंह ने कहा कि भवन निर्माण मजदूर-कारीगर और असंगठित क्षेत्र के अन्य निर्माण मजदूरों ने लम्बे संघर्ष से पंजीकरण कराने और सामाजिक सुरक्षा पाने का अधिकार 1996 के कानून के तहत प्राप्त किया हुआ है। इसके तहत इन्हें कुछ आर्थिक सहायता, सुविधाएं, हितलाभ मिलना सम्भव हो सका। ये सब पाने का उनका हक है और ये कानून भी है। बोर्ड के पास पैसा भी है। हरियाणा भवन निर्माण एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड से पंजीकरण कराने और हितलाभ पाने का आज भी बहुत सारे मजदूर-कारीगरों को बेसब्री से इन्तजार है। लेकिन सरकार व विभागीय प्रशासन सबका पंजीकरण करने और इन्हें ये सामाजिक सुरक्षा, हितलाभ,




- बार-बार नियम बदल कर या नये फरमान जारी करके नाजायज व बेतुकी शर्तें थोपकर किया जा रहा परेशान

सुविधाएं आदि देने में उदासीन रवैया अपनाये हुए है। श्रमिकों को खामखां तंग करने के लिए बार-बार नियम बदल कर या नये फरमान जारी करके नाजायज व बेतुकी शर्तें थोप कर हित लाभों को पाने में बाधाएं डाली जा रही हैं। परिवार पहचान पत्र श्रमिकों के लिए जी का जंजाल बन गया है। चारों तरफ भ्रष्टाचार व्याप्त है। ऑनलाइन पंजीकरण की साइट ठप्प पड़ी रहती है। काम होते नहीं हैं। ऑनलाइन आवेदन प्रणाली अपनाकर और सारे काम सीएससी सेंटरों के हवाले कर बोर्ड ने अपने दायित्व से पल्ला झाड़ लिया है। गरीब अनपढ़ मजदूर दिहाड़ी छोड़कर इनके चक्कर लगा-लगाकर परेशान हो जाते हैं। भवन निर्माण श्रमिकों में कार्यरत शासक पार्टी की इससे संबंधित अपनी यूनियन के प्रतिनिधि के अलावा अन्य किसी यूनियन के प्रतिनिधि बोर्ड में नहीं लिये गए हैं। श्रमिकों के पंजीकरण में यूनियनों की जो भागीदारी थी और अधिकार प्राप्त थे, वे अब खत्म कर दिए गए हैं। इन कारणों से मजदूर बेहद परेशान हैं। उनमें भारी रोष है।

# तोड़फोड़ व डीवीआर ले जाने के मामले में पुलिस ने 5 आरोपियों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

पिचौपा कलां में सूर्या स्टोन क्रेशर पर तोरफोड़ कर डीवीआर ले जाने के मामले में पलुसि ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस मामले में आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस को दी शिकायत में बधवाना निवासी जितेंद्र कुमार ने बताया था कि वह पिचोपा कलां में सूर्या स्टोन क्रशर चलाते हैं। उन्होंने क्रशर पर रेवाड़ी जिले के सरेहली निवासी पवन को मुंशी रखा है। जितेंद्र ने बताया कि 13 जुलाई को वह किसी काम से दिल्ली गए थे। मुंशी पवन ने उन्हें सूचना दी कि खाचरौली निवासी कालू अपने 5-6 साथियों के साथ वाहन में सवार होकर क्रशर जोन पर आया। उसने आते ही वहां शीशे, कंप्यूटर व सीसीटीवी तोड़ दिए। इसके साथ ही वे सबूत मिटाने के इरादे से सीसीटीवी की डीवीआर अपने साथ ले गए। इस शिकायत के आधार पर थाना बाढडा पुलिस ने केस दर्ज किया था। जिस पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 5 आरोपियो को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

आरोपियों की पहचान खाचरौली निवासी सत्यवान उर्फ कालु , चरखी दादरी निवासी अभिषेक, झज्जर जिले के खोरड़ा निवासी सुनील , चरखी दादरी निवासी सुदीप व गोठड़ा निवासी संजीत के रूप में हुई है।

# चोरी के मामले में आरोपी किया गिरफ्तार, रिमांड पर लिया

**बाढ़ड़ा।** गांव पालड़ी में बंद मकान में चोरी करने के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को मंगलवार को अदालत में पेश कर एक दिन के रिमांड पर लिया गया है और उससे गहनता से पूछताछ की जा रही है। पुलिस प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को दी शिकायत में पालड़ी निवासी विपिन ने बताया था कि वह सरकारी पॉलिटेक्निक कॉलेज लोहारू में नौकरी करता है और वर्तमान में महेंद्रगढ़ रहता है। उसने बताया कि वह बीते 12 जुलाई को घर पर ताला बंद करके कॉलेज गया था। उसके बाद वह कॉलेज से सीधा महेंद्रगढ़ चला गया। रविवार को वह घर आया तो उसने देखा की घर के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। बाद में घर के अंदर जाकर देखा तो अंदर के सभी ताले टूटे हुए मिले। उसने सामान को चेक किया तो पांच हजार रुपए की नकदी, एक डिजिटल कैमरा, एक सोने की अंगूठी, दो चांदी की अंगूठी, दो जोड़ी पाजेब गायब मिली। इस शिकायत के आधार पर थाना झोझु कलां थाना पुलिस ने केस दर्ज किया था।

# कार-स्कूटर में टक्कर, स्कूटर सवार की मौत व कार सवार महिला घायल

- गुडाना व झोझू कलां के बीच हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बाढ़ड़ा

बाढ़ड़ा-झोझू कलां सड़क मार्ग पर मंगलवार को गुडाना व झोझू कलां के बीच एक स्कूटर व कार की टक्कर हो गई। सड़क हादसे में स्कूटर सवार जेवली निवासी बुजुर्ग की मौत हो गई जबकि कार सवार महिला घायल हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार चरखी दादरी जिले के गांव जेवली निवासी 63 वर्षीय गुरदयाल बीते कई सालों से चरखी दादरी में महेंद्रगढ़ चुंगी पर रहता था। मंगलवार को वह स्कूटर पर सवार होकर किसी काम से जेवली आ रहा था। उसी दौरान झोझू कलां व गुडाना के बीच बाढ़ड़ा की ओर से आ रही एक कार के साथ स्कूटर की टक्कर हो गई। टक्कर लगने के बाद वह स्कूटर सहित नीचे गिर गया और चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं इस दौरान कार भी अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे पेड़ से जा टकराई। जिसके कारण कार सवार महिला ज्योति को चोटें आई है।

## सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

# मांगों को लेकर गरजे कर्मचारी, दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा (संबंधित अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी फेडरेशन) के आह्वान पर विभिन्न विभागों के कच्चे, पक्के कर्मचारी स्थानीय हुड्डा पार्क में एकत्रित हुए। कर्मियों का नेतृत्व सर्व कर्मचारी संघ जिला प्रधान सुरजभान जटासरा ने किया तथा मंच संचालन सचिव सहदेव रंगा द्वारा किया गया। कर्मचारियों ने प्रदर्शन करते हुए लघुसचिवालय का घेराव किया व उपायुक्त की मार्फत मुख्यमंत्री के नाम 15 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। मुख्यवक्ता के तौर पर राज्य उपाध्यक्ष नरेंद्र दिनोद व कोषाध्यक्ष मास्टर सुखदर्शन ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि भाजपा सरकार लगातार सरकारी विभागों का निजीकरण कर रही है। सरकार ने मांगों का समाधान करना तो दूर रहा बातचीत तक करना उचित नहीं समझा। भाजपा नव उदारीकरण की नीतियों के चलते सरकार भी बाजार के ढंग से खर्च घटाने की रणनिति पर चलते हुए रोजगार के स्वरूप, सेवा शर्तों और वेतन ढांचे में ऐसे बदलाव कर रही है जिनका कर्मचारियों व उनके परिवारों के हितों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है।




**मुख्य मांगें :** सभी कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, समान काम समान वेतन, एच के आर एन भंग करना, सभी खाली पदों पर स्थाई भर्तियां व पदोन्नति, न्यूनतम वेतन 26000 रूपये, सभी वर्गों की वेतन विसंगतियां दुरूस्त करना, पुरानी पेंशन बहाल करना, पेंशनर्ज 65,70,75,80 वर्ष उपरांत 5 प्रतिशत वृद्धि, एक्सग्रेसिया में लगाई गई शर्त हटाने, कर मुक्त आय की सीमा बढाने, आउट सोर्सिंग ठेका प्रथा निजीकरण पर रोक लगाई जाए। इस अवसर पर अनिल बागड़ी, लोकेश, अशोक गोयत, जेपी श्योराण, हरीनिवास, चांद राम, सुशील आलमपुर, विकास राठी, सत्यवीर स्वामी, मां. संजय, राजेश संभरवाल, अनुप कोंटियां, कृष्णा रूपाणा, कमल चंद्र शरोहा आदि मौजूद रहे।

# किसान मोर्चा ने सांसद आवास पर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

संयुक्त किसान मोर्चा भिवानी दादरी व महेन्द्रगढ़ ने शहर में प्रदर्शन करते हुए किसानों की मुख्य मांगों का ज्ञापन भिवानी महेन्द्रगढ़ के सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह के विधा नगर स्थित निवास पर जाकर उनकी अनुपस्थिति में उनके पीए पंकज शर्मा को सौंपा तथा सांसद से मांग की है कि वे 22 जुलाई से शुरू हो रहे संसद के बजट सत्र में किसानों की मांगों को रखें । इससे पहले तीनों जिलों के किसान महम रोड चौधरी छोटूराम चौक भिवानी पर इकट्ठे हुए तथा एक सभा की , जिसकी अध्यक्षता अखिल भारतीय किसान सभा से रामफल देशवाल , भारतीय किसान यूनियन घासीराम नैन से मेवा सिंह आर्य , भारतीय किसान यूनियन टिकेत से रवि आजाद , आल इन्डिया किसान खेत मजदूर संगठन से रोहताश सैनी , भारतीय किसान यूनियन से हरपाल सिंह , युवा कल्याण संगठन से कमल सिंह प्रधान ने संयुक्त रूप से की । मंच संचालन किसान सभा के जिला सचिव मास्टर जगरोशन ने किया । इस अवसर पर संयुक्त किसान मोर्चा के विभिन्न वक्ताओं ने कहा कि केन्द्र सरकार ने 9 दिसम्बर , 2021 को लिखित में किसानों की मांगें मानने का आश्वासन दिया था , वे आज तक लागू नहीं की , इससे किसानों में भारी रोष बना हुआ है। प्रदर्शन में संयुक्त किसान मोर्चा व विभिन्न संगठनों के नेता कामरेड ओम प्रकाश , रवि आजाद , किसान नेत्री कविता आर्य , रतन कुमार जिंदल , महेन्द्र तंवर ,दिलबाग ग्रेवाल , नरेन्द्र स्योकंद , बलबीर सिंह बजाड़ , गंगाराम स्योराण , लोहारू से आजाद भोंगला , बिजेन्द्र हरियावास , बहल से कप्तान धनपत , मन्दरूप यादव आदि मौजूद रहे।




भिवानी। मंगलवार मांगों को लेकर प्रदर्शन करते संयुक्त किसान मोर्चा के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# कुछ म्यूचुअल फंड ने दिया 48% से ज्यादा रिटर्न

## निवेशकों को कर रहे मालामाल, आप भी कर सकते हैं निवेश, कोई भी निवेश करने से पहले खुद की रिस्क क्षमता जांच लें लक्ष्य तय कर लंबी अवधि के लिए निवेश का प्लान बनाएं, धैर्य और संयम के साथ निवेश करें, अच्छा मुनाफा मिलेगा

अगर आप भी निवेश करने जा रहे हैं जो एक बार बाजार के बारे में रिसर्च कर लें। इसके बाद निवेश के लिए उतरेंगे तो अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। अपने लक्ष्य तय कर धैर्य और संयम के साथ निवेश करें और मजबूती के साथ बाजार में उतरें। इससे आपको नुकसान नहीं होगा और जल्द अच्छा रिटर्न प्राप्त कर सकेंगे। बाजार में पैसे लगाने वाले ज्यादातर इनवेस्टर्स की दिलचस्पी सबसे बढ़िया प्रदर्शन कर रहे शेयरों में रहती है, लेकिन कुछ म्यूचुअल फंड्स ऐसे हैं, जिनमें ऐसे स्टॉक्स पर फोकस करके निवेश किया जाता है, जिनका प्रदर्शन फिलहाल खराब चल रहा हो। अपने इस उल्टे मिजाज की वजह से ही इन्हें कॉन्ट्रा म्यूचुअल फंड का नाम दिया गया है। कॉन्ट्रा फंड्स के मैनेजर्स को ऐसे ही स्टॉक्स की तलाश रहती है, जो फंडामेंटल्स के लिहाज से स्ट्रॉन्ग होते हुए भी कमजोर प्रदर्शन कर रहे हों। इसके पीछे सोच यह रहती है कि फिलहाल कमजोर दिख रहे ऐसे स्टॉक्स में पिछले रुझान को पलटकर शानदार रिटर्न देने की क्षमता छिपी रहती है। पिछले 1 साल में कॉन्ट्रा फंड्स की थीम वाले सभी म्यूचुअल फंड्स ने 48 फीसदी या उससे ज्यादा रिटर्न देकर इस बात को सच साबित किया है। ऐसे में इन फंडों में निवेश बढ़िया रिटर्न दिला सकता है और आपको जल्द अमीर बना सकता है।

निवेश मंत्रा
बिजनेस डेस्क

### कॉन्ट्रा फंड्स का शानदार प्रदर्शन

भारत में कॉन्ट्रा फंड्स की सोच को फॉलो करने वाली म्यूचुअल फंड स्कीम्स की संख्या ज्यादा नहीं है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स ऑफ इंडिया (एएमएफआई) के मुताबिक देश में फिलहाल ऐसी कुल तीन स्कीम चल रही हैं।

### ये हैं तीन स्कीमें

1. एसबीआई कॉन्ट्रा फंड
2. इनवेस्को इंडिया कॉन्ट्रा फंड
3. कोटक इंडिया कॉन्ट्रा फंड

*(इन तीनों ही स्कीम ने पिछले 1 साल में रिटर्न के मामले में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। ये तीनों स्कीमों ने 48 फीसदी से अधिक रिटर्न देकर निवेशकों को चौंका दिया है।)*

### ऐसा रहा प्रदर्शन

#### एसबीआई कॉन्ट्रा फंड

- 1 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 48.40%
- 3 साल का औसत वार्षिक रिटर्न (डायरेक्ट) : 30.51%



- 5 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 30.42%
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 35,304.23 करोड़

#### इनवेस्को इंडिया कॉन्ट्रा फंड

- 1 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 49.79%
- 3 साल का औसत वार्षिक रिटर्न (डायरेक्ट) : 23.55%
- 5 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 23.72%
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 16,502.57 करोड़ रुपये

#### कोटक इंडिया ईक्यू कॉन्ट्रा फंड

- 1 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 54.80%
- 3 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 26.80%
- 5 साल का औसत रिटर्न (डायरेक्ट) : 25.05%
- एसेट अंडर मैनेजमेंट (एयूएम) : 3,582.99 करोड़ रुपये

### कॉन्ट्रा फंड के मुनाफे पर टैक्स

कॉन्ट्रा फंड का 65 परसेंट से ज्यादा निवेश इक्विटी में होता है। इसलिए इन्हें इक्विटी म्यूचुअल फंड की कैटेगरी में रखा गया है। जाहिर है इन पर इनकम टैक्स के वही नियम लागू होते हैं, जो इक्विटी फंड के लिए बनाए गए हैं। यानी कॉन्ट्रा फंड की यूनिट्स को 1 साल से कम समय में बेचने पर मुनाफा हुआ तो उस पर 15 फीसदी शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन्स (एसटीसीजी) टैक्स देना पड़ेगा, लेकिन 1 साल या उससे ज्यादा होल्ड करने के बाद बेचने पर 1 लाख रुपये तक का सालाना मुनाफा टैक्स फ्री है। उससे ज्यादा मुनाफा होने पर 10 फीसदी लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन्स (एलटीसीजी) टैक्स लगेगा। यानी कॉन्ट्रा फंड में निवेश करना टैक्स के लिहाज से भी अच्छा है। इसलिए इन फंडों में निवेश कर आप भी अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। अपने पोर्टफोलियों की भी समय समय पर समीक्षा करते रहना जरूरी है, ताकि आप आसानी से अपने पैसे को सुरक्षित रख सकें और अच्छा रिटर्न हासिल कर सकें।

### निवेश से पहले रिस्क भी समझ लें

देश के कॉन्ट्रा फंड्स का पिछला रिटर्न तो काफी अच्छा रहा है, लेकिन इसे भविष्य में वैसे ही परफॉर्मेंस की गारंटी नहीं माना जा सकता। इसके अलावा इक्विटी फंड होने की वजह से कॉन्ट्रा फंड्स ज्यादा जोखिम वाले निवेश की कैटेगरी में आते हैं। लिहाजा अपनी रिस्क प्रोफाइल को ध्यान में रखें और निवेश का फैसला करने से पहले अपने इनवेस्टमेंट एडवाइजर की सलाह जरूर लें। वैसे भी निवेश करने से पहले खुद के लक्ष्य और रिस्क क्षमता को देखते हुए ही निवेश की तरफ कदम बढ़ाने होंगे।

# क्रिप्टो में निवेश कर रहे हैं तो जान लें कर का नियम

जानकारी
बिजनेस डेस्क

- निवेशक साल में क्रिप्टो संपत्तियां बेचता है टैक्स देना होगा
- क्रिप्टोकरेंसी में निवेश करना सबसे रिस्की श्रेणी में माना गया
- क्रिप्टोकरेंसी से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर लगेगा
- सभी तरह के क्रिप्टो सौदों पर 1 फीसदी टीडीएस भी कटेगा

यदि आप भी क्रिप्टोकरेंसी में निवेश कर रहे हैं तो आपको इस समय टैक्स का नियम भी जान लेना चाहिए, वरना 31 जुलाई बीत जानें के बाद आप मुश्किल में फंस सकते हैं। केंद्र सरकार ने फरवरी 2022 में फैसला किया था कि क्रिप्टोकरेंसी से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर लगाया जाएगा और सभी तरह के क्रिप्टो सौदों पर 1 फीसदी टीडीएस कटेगा। इसके बाद भी लोग क्रिप्टोकरेंसी में ट्रेडिंग करते रहे। अगर आप भी ऐसे लोगों में शामिल हैं तो आयकर रिटर्न दाखिल करने की तारीख 31 जुलाई से पहले ही समझ लें कि क्रिप्टो पर कर कैसे लगाया जाता है ताकि आगे आपको दिक्कत न हो।

### क्या है क्रिप्टोकरेंसी

क्रिप्टोकरेंसी डिजिटल या आभासी करेंसी है, जो सुरक्षा के लिए क्रिप्टोग्राफी का इस्तेमाल करती है। इसकी डोर किसी एक सरकार या केंद्रीय संस्था के हाथ में नहीं है। उसके बजाय यह ब्लॉकचेन तकनीक पर चलती है, जो असल में एक डिजिटल रजिस्टर की तरह होता है। इसमें कई कंप्यूटरों का नेटवर्क होता है और सभी सौदे उन पर दर्ज होते रहते हैं।




### मुनाफे पर 30 फीसदी कर

सबसे पहले तो क्रिप्टोकरेंसी से होने वाले मुनाफे पर सीधा 30 फीसदी कर काटा जाता है। आयकर अधिनियम की धारा 115बीबीएच कहती है कि क्रिप्टोकरेंसी समेत सभी वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों के किसी भी प्रकार के लेनदेन से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर काटा ही जाएगा। उसके अलावा उस पर अधिभार और उपकर भी लगेंगे।

### ऐसे समझें

मान लीजिए कि आपने बिटकॉइन की ट्रेडिंग से 1 लाख रुपये कमाए हैं तो आपको इस पर बतौर कर 30,000 रुपये देने होंगे। उसके ऊपर 1,200 रुपये उपकर भी काटा जाएगा। इस तरह 1 लाख रुपये की कमाई पर आप 31,200 रुपये कर देंगे।

### घाटे की भरपाई नहीं

वर्चुअल डिजिटल संपत्ति से होने वाले घाटे के बदले आप किसी अन्य वर्चुअल डिजिटल संपत्ति पर हुए मुनाफे या किसी अन्य प्रकार की आय पर कर छूट नहीं मांग सकते। करयोग्य आय में से केवल ऐसी संपत्तियों को खरीदने पर हुआ खर्च ही घटाया जा सकता है।

### क्रिप्टो सौदों पर 1 फीसदी टीडीएस

1 जुलाई 2022 से एक सीमा से अधिक वर्चुअल डिजिटल संपत्तियों के लेनदेन पर 1 फीसदी टीडीएस काटा जा रहा है। यूजर्स की ओर से टीडीएस काटने की जिम्मेदारी क्रिप्टो एक्सचेंज की है। मगर यदि दो यूजर्स आपस में लेनदेन करते हैं तो खरीदने वाले को टीडीएस काटकर जमा करना होगा। मान लीजिए कि आपने 60,000 रुपये के एथेरियम बेचे तो खरीदार 600 रुपये टीडीएस काटने के बाद आपको 59,400 रुपये दे देगा।

### क्रिप्टो माइनिंग पर कर

क्रिप्टोकरेंसी माइनिंग में यानी उन्हें तैयार करने में बहुत ताकतवर कंप्यूटर या खास हार्डवेयर का इस्तेमाल होता है, जो लेनदेन का सत्यापन करता है और उसे ब्लॉकचेन नेटवर्क पर चढ़ा देता है। इस नेवटर्क में माइनर या नोड गणित की पेचीदा गुत्थियों को सुलझाने में एक दूसरे का मुकाबला करते हैं। जो माइनर सबसे पहले उसे सुलझा लेता है, उसे बतौर इनाम क्रिप्टोकरेंसी मिलती है। इस तरह माइनिंग से होने वाली आय पर 30 फीसदी कर लगता है। कर का हिसाब लगाते समय माइनर की क्रिप्टोकरेंसी की खरीद कीमत शून्य मान ली जाती है।

### कमर्शल और निजी निवेशक निवेशक

निवेशक चाहे निजी हो या कमर्शल, उसके लिए कर के नियम और दरें एक ही होंगी। मान लीजिए कि कोई फर्म क्रिप्टोकरेंसी की ट्रेडिंग से 5 लाख रुपये कमाती है तो उसे 1.50 लाख रुपये कर और 6,000 रुपये उपकर यानी कुल 1.56 लाख रुपये देने होंगे। जानकारों का कहना है कि 'क्रिप्टोकरेंसी पर कर लगने से उनके लेनदेन और सौदों में नियमों का अनुपालन और जवाबदेही पक्की हो जाती है। अल्पावधि और दीर्घावधि मुनाफे पर एक जैसा कर कटने के कारण क्रिप्टोकरेंसी की आय भी दूसरी तरह की आय के बराबर हो गई है। इन कर प्रावधानों का मकसद क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ी गतिविधियों को कायदे में लाना, पारदर्शिता बढ़ाना तथा सभी प्रकार के निवेशकों तथा लेनदेन पर न्यायोचित कर लगाना है।'

# रिटर्न के मामले में निफ्टी को पछाड़ आगे निकला सोना

### लगातार कुलाचें मार रहे सोने में इस साल तेजी का माहौल

## एक जनवरी से अब तक गोल्ड ने निफ्टी-50 को पीछे छोड़ा | ग्लोबल मार्केट में गोल्ड में करीब तेरह प्रतिशत की तेजी दिखाई दी

निवेश के लिहाज से सेफ हेवन समझे जाने वाले गोल्ड का रिटर्न अगर ज्यादा रिस्की कहे जाने वाले इक्विटी इनवेस्टमेंट से बेहतर हो जाए, तो भला निवेशकों के लिए इससे अच्छा और क्या हो सकता है। 2024 के साल में अब तक कुछ ऐसा ही रुझान देखने को मिला है, जिसकी वजह से राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गोल्ड में निवेशकों की दिलचस्पी काफी बढ़ गई है। दरअसल, सोने की कीमतों में मौजूदा कैलेंडर इयर के दौरान इतनी मजबूती आई है कि रिटर्न के मामले में इसने शेयर मार्केट के प्रमुख इंडेक्स निफ्टी 50 को भी पीछे छोड़ दिया है।

### निफ्टी 50 के मुकाबले बेहतर रिटर्न

1 जनवरी 2014 से 30 जून 2024 के बीच निफ्टी 50 में करीब 10.4 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली, जबकि इसी इंडेक्स का साल की शुरुआत से अब तक (वाईटीडी) का रिटर्न करीब 11.9 फीसदी रहा है। सोने का पिछले 6 महीनों का रिटर्न करीब 18 फीसदी और साल की शुरुआत से अब तक (वाईटीडी) का रिटर्न 14.78 फीसदी रहा है। ग्लोबल मार्केट में भी इस दौरान गोल्ड में करीब 13 फीसदी की तेजी देखने मिली।

रिकॉर्ड
बिजनेस डेस्क

### गोल्ड ईटीएफ में बढ़ा निवेश

सोने में इस तेजी के बीच दुनिया भर में गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स (गोल्ड ईटीएफ) में निवेश का रुझान भी काफी बढ़ा है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल की एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक जून में लगातार दूसरे महीने गोल्ड ईटीएफ (गोल्ड ईटीएफ) में पॉजिटिव इनफ्लो देखने को मिला है। जून में यह इनफ्लो करीब 1.4 अरब डॉलर का रहा है। कैलेंडर इयर की पहली छमाही के दौरान एशियन गोल्ड ईटीएफ में कुल मिलाकर करीब 3 अरब डॉलर का रिकॉर्ड निवेश देखने को मिला।

### सोने में क्यों आ रही तेजी

गोल्ड में यह तेजी ऐसे दौर में देखने को मिल रही है, जबकि दुनिया के अधिकांश देशों की ग्रोथ रेट में कमजोरी का माहौल है। ऐसा लगता है कि जोखिम से बचने वाले निवेशक सोने की तरफ बड़े पैमाने पर आकर्षित हुए हैं। इस तेजी में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जियो-पोलिटिकल टेंशन के बीच तमाम देशों के सेंट्रल बैंकों द्वारा बड़े पैमाने पर गोल्ड की खरीदारी का भी बड़ा हाथ रहा है।



### सुरक्षित निवेश

सोने को शेयर बाजार की तुलना में हमेशा ही ज्यादा सुरक्षित निवेश माना जाता है। ऐसे में इतना ऊंचा रिटर्न वाकई निवेशकों के लिए काफी बड़ी खुशखबरी है। लगातार ऊंची ब्याज दरों के बावजूद सोने की इस तेजी से पता चलता है कि सेफ हेवन इनवेस्टमेंट के तौर पर सोने की स्थिति कितनी मजबूत है।

### आगे भी रहेगा तेजी का रुझान?

सोने की कीमतें फिलहाल घरेलू और ग्लोबल, दोनों बाजारों में रिकॉर्ड हाई के करीब चल रही हैं। ऐसे में सवाल यह है कि क्या तेजी का रुझान आगे भी बने रहने के आसार हैं? या फिर इसमें बदलाव देखने को मिलेगा? गोल्ड को मजबूती देने वाले कारणों पर विचार करें तो लगता है कि जियो-पोलिटकल टेंशन की वजह से बढ़ी सेफ हेवन इनवेस्टमेंट वाली डिमांड अभी बनी रहेगी। ऐसा इसलिए, क्योंकि अमेरिका और चीन के बीच आपसी तनाव बने रहने के आसार हैं। इजरायल का फिलिस्तीन पर हमला हो या यूक्रेन और रूस की जंग, उनके भी बहुत जल्द थमने के संकेत नहीं हैं। इसके अलावा अगर अमेरिकी फेडरल रिजर्व ब्याज दरों में कटौती करता है, तो इससे सोने की मांग को एक और बूस्ट मिल सकता है।

### सोने की कीमतों को प्रभावित करने वाले फैक्टर

दरअसल, सोना एक ऐसा एसेट है, जिसमें निवेश करने पर ब्याज नहीं मिलता। लिहाजा, जब ब्याज दरें घटती हैं, तो सोने में निवेश तुलनात्मक रूप से और आकर्षक हो जाता है। हालांकि अब तक यह बात पूरी तरह साफ नहीं है कि यूएस फेड वाकई ब्याज दरों में कटौती करेगा या नहीं और करेगा तो कब, लेकिन उसके इस दिशा में कदम उठाने की उम्मीद बढ़ती लग रही है। फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की अगली बैठक 31 जुलाई को होनी है। पिछले हफ्ते अमेरिका के मैक्रो इकनॉमिक डेटा में खराब आर्थिक प्रदर्शन के संकेत मिलने से इन उम्मीदों को ताकत मिली है कि सितंबर तक ब्याज दरों में राहत मिल सकती है।

**पॉलिसी** पहले प्लानिंग करें और फिर निवेश की सोचें, सोची-समझी रणनीति हमारे जीवन के लक्ष्यों को सुरक्षित करने में मददगार

### जैसे फुटबॉल में जीत के लिए मजबूत डिफेंस जरूरी है, वैसे ही परिवार के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए सही फाइनेंशियल प्लानिंग जरूरी है

# बनाएं रणनीति, लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी भी बन सकती गेमचेंजर, पूरे कर सकती है आपके फाइनेंशियल गोल

समझदारी
बिजनेस डेस्क

अगर आप भी निवेश हैं या करने जा रहे हैं तो जान लें कि निवेश भी फुअबॉल के मैच की तरह ही होता है। फुटबॉल प्रेमी होने के नाते, मुझे यह खेल बेहद रोमांचक लगता है, लेकिन इसमें धैर्य, दृढ़ता और समय की ज़रूरत होती है। दरअसल यह खेल कभी भी कोई भी मोड़ ले सकता है और यही इसके आकर्षण को और बढ़ा देता है। जीवन, एक फुटबॉल मैच की तरह, स्वाभाविक रूप से अप्रत्याशित घटनाओं की श्रृंखला का नाम है। रोजमर्रा के जीवन में और फाइनेंशियल प्लानिंग के मामले में पर्याप्त बचाव की जरूरत होती है। उचित रणनीति और सोची-समझी चालें, हमारे जीवन के लक्ष्यों को सुरक्षित करने में बहुत मदद कर सकती हैं।

### बेहद अहम है लाइफ इंश्योरेंस

बेयर ब्रायंट का यह कथन बेहद मशहूर है कि आक्रामकता से टिकट बिकता है, डिफेंस से चैंपियनशिप जीती जाती है। निवेश विकल्प के सही मिक्स के साथ बेहतर फाइनेंशियल प्लान वह डिफेंस तैयार करता है, जिसकी आपको अपने वित्तीय भविष्य को सुरक्षित करने के लिए आवश्यकता होती है। बढ़ती वित्तीय साक्षरता, आय के बढ़ते स्तर और अधिक जागरूकता के साथ-साथ अधिक टेक्नोलॉजी अपनाने और नीतिगत सुधारों के साथ, भारत में अधिक से अधिक परिवार लॉन्ग टर्म फाइनेंशियल प्लान की आवश्यकता समझ रहे हैं। लोग सुरक्षा के लिए कई लाभ देने वाली लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी के महत्व को समझने लगे हैं। दरअसल, लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी समग्र घरेलू वित्तीय बचत मिक्स में टॉप तीन पसंदीदा निवेश विकल्पों में से एक है। वित्त वर्ष 2019 से वित्त वर्ष 2023 तक इसमें 11% के सीएजीआर से बढ़ोतरी दर्ज हुई है, जिसका कुल वित्तीय बचत में 18% का योगदान है।



### क्या बीमा कवर पर्याप्त है

अगर हम इसे बीमा की पैठ के नजरिए से देखें तो स्थिति वास्तव में आशावादी दिखती है, क्योंकि हमारे देश में लगभग 70 फीसदी परिवार किसी न किसी तरह की लाइफ इंश्योरेंस पॉलिसी से सुरक्षित हैं। मुझे यह वृद्धि कुल मिलाकर सकारात्मक संकेत नज़र आती है, हालांकि, चिंताजनक पहलू या मुख्य प्रश्न यह है कि क्या कवर (सुरक्षा) पर्याप्त है? सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक होने के बावजूद, विश्व बैंक के आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में जीडीपी के परसेंटेज के तौर पर कुल बीमित रकम मुश्किल से 70% है, जबकि अमेरिका में यह 251%, थाईलैंड में 143% और मलेशिया में 153% है। यह बीमा कवरेज की मात्रा में अहम अंतर को दर्शाता है। जब कोई इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदी जाती है, तो लोग हमेशा इस बात को ध्यान में नहीं रखते कि वास्तव में जरूरत पड़ने पर पर्याप्त जीवन कवर की आवश्यकता होगी।

### टर्म प्लान में पर्याप्त कवरेज जरूरी

पर्याप्त लाइफ इंश्योरेंस के बिना, परिवारों को प्रमुख वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अन्य एसेट्स को बेचने या अन्य निवेशों को भुनाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है, जिससे उनके जीवन के लक्ष्य प्रभावित हो सकते हैं और भारतीय इस जरूरत को तेजी से पहचान रहे हैं। अपर्याप्त कवरेज के कारण अक्सर परिवारों को अपर्याप्त वित्तीय सहायता मिलती है, जिससे उनकी जरूरतों का केवल एक हिस्सा ही पूरा होता है, जिससे टर्म प्लान का उद्देश्य अप्रभावी हो जाता है। मौजूदा आय, बचत, देनदारियों और पारिवारिक स्थिति का व्यापक मूल्यांकन लाइफ इंश्योरेंस के उपयुक्त स्तर को तय करने में मदद कर सकता है, जिसे वित्तीय और जीवन लक्ष्य प्लान का हिस्सा होना चाहिए। सामान्य नियम यह है कि किसी शख्स की सालाना आय का 10 गुना लाइफ इंश्योरेंस सुरक्षित किया जाना चाहिए। इससे पॉलिसीहोल्डर के परिवार को दुर्भाग्य से उसके मृत्यु की स्थिति में वित्तीय सहायता ठीक तरह से मिलेगी।

### कहां मिलेगा ज्यादा रिटर्न

हाल के दिनों में हमने देखा है कि हमारी रेगुलेटरी बॉडी इरडा ने '2047 तक सभी के लिए बीमा' उपलब्ध कराने की दिशा में कई तरह के सुधार किए हैं। इनमें व्यवसाय और रेगुलेटरी माहौल को बेहतर के साथ-साथ जोखिम आधारित पूंजी व्यवस्था, आईएफआरएस और जोखिम आधारित ऑब्जर्वेशन स्ट्रक्चर को लागू करना शामिल है। यह सब इसलिए किया गया है कि अगले कुछ सालों में भारत में बीमा पैठ बढ़े। दिलचस्प बात यह है कि इरडा लगातार अपने डिजिटल इकोसिस्टम का विस्तार कर रहा है, अनुकूल कारोबारी माहौल बना रहा है और रेगुलेटरी माहौल को बेहतर बना रहा है और यह सब इस क्षेत्र के विकास को सुनिश्चित करने और देश के अधिक से अधिक लोगों के लिए बीमा सुलभ बनाने के लिए किया जा रहा है।

### लक्ष्यों को ट्रैक पर रखें

इंडस्ट्री और रेगुलेटरी मिलकर नए, सरल और नवोन्मेषी प्लान, वितरण चैनलों में सुधार और नए जमाने की टेक्नोलॉजी को अपनाकर तेज और अधिक पारदर्शी प्रक्रियाओं के जरिये कई उपाय कर रहे हैं। इसका मकसद है लाइफ इंश्योरेंस की पहुंच बढ़ाना और पर्याप्त कवरेज के बारे में जानकारी बढ़ाना। यह सभी के लिए अपने वित्तीय पोर्टफोलियो की समीक्षा करने और पर्याप्त जीवन कवर के महत्व को समझने के लिए अनुकूल माहौल और अवसर प्रस्तुत करता है। जिस तरह फुटबॉल में एक मजबूत डिफेंस योजना खेल-जीतने वाला सीजन सुनिश्चित करती है, उसी तरह आपके वित्तीय पोर्टफोलियो में उचित रक्षा योजना आपके परिवार को अपने जीवन के लक्ष्यों को ट्रैक पर रखने में मदद करती है।

## खबर संक्षेप



चरखी दादरी। मरीजों की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

### शिविर में 117 मरीजों ने उठाया स्वास्थ्य लाभ

**चरखी दादरी।** आयुष विभाग के महानिदेशक डॉ. अंशज सिंह के निर्देशानुसार एवं उपायुक्त चरखी दादरी मनदीप कौर के मार्गदर्शन में आयुष विभाग चरखी दादरी वरिष्ठ नागरिकों के लिए मंगलवार 16 जुलाई को आयुषमान आरोग्य मंदिर (आयुष) आर्य समाज में वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में 117 मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। इस अवसर पर जीतराम गुप्ता अधिवक्ता, आर्य समाज के प्रधान कर्मवीर छिकारा अधिवक्ता, आर्य समाज के मंत्री राजेन्द्र वर्मा, रामकिशन आदि मौजूद रहे।

### सरकार की योजनाओं व नीतियों का किया प्रचार

**भिवानी।** सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक मंदीप बराड़ के दिशा-निर्देशों और सरकार की हिदायतों के अनुसार विशेष प्रचार अभियान के तहत विभाग की भजन और नाटक मंडलियों द्वारा जिला के सभी गांवों को कवर करने का प्रयास किया जाएगा। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की भजन और नाटक मंडलियों द्वारा डीसी मनदीप कौर के दिशा-निर्देशन में और डीआईपीआरओ सुरेन्द्र सिंगल के कुशल मार्गदर्शन में 31 जुलाई तक विशेष प्रचार अभियान चलाकर सरकारी की जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार किया जा रहा।

### छात्राओं को कैंसर बीमारी के प्रति किया जागरूक

**चरखी दादरी।** बिरोहड स्थित एचडी पब्लिक स्कूल में कैंसर बीमारी से जागरूक किया गया। महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान से आए सुधि शर्मा ने कक्षा नौवीं से 12वीं की बालिकाओं एवं विद्यालय में महिला अध्यापिकाओं को छोटी सी लापरवाही और जागरूकता न होने की वजह से होने किसी बड़ी कैंसर जैसी बीमारी के प्रति अवगत कराया। उन्होंने कहा कि डब्लूएचओ की रिपोर्ट के अनुसार हर सात मिनट में एक महिला की मौत युटरस कैंसर की वजह से हो रही है।

### स्कूल में हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन

**भिवानी।** श्री देवसर धाम , देवसर में सिपाही शहीद रामकुमार गवर्नमेंट, सीनियर सेकेंडरी स्कूल, देवसर , भिवानी में सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया और प्रिंसिपल को स्टाफ के साथ श्री राम भगवान की प्रतिमा भेट की और पटका पहनकर सम्मानित किया, और प्रिंसिपल ने विद्यार्थियों को अनुशासन और संस्कार में रहने की शिक्षा दी और उनकी देखरेख में हमारे गांव का स्कूल काफी उन्नति भी कर रहा है और हनुमान चालीसा के बाद बच्चों को नशा मुक्ति के लिए शपथ भी दिलाई गई ।

---

#### वार्डवासी बोले मुख्यमंत्री से करेंगे शिकायत

# बिजली के अघोषित कटों को लेकर वार्डवासियों का प्रदर्शन

- वार्डवासी बोले करेंगे मुख्यमंत्री से शिकायत, एसडीओ बोले-समस्या है तो करवाएंगे निदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बवानीखेड़ा

कस्बा बवानी खेड़ा स्थित वार्ड 13, 14, 15 में बिजली के अघोषित कटों को लेकर वार्डवासियों ने विभाग के खिलाफ रोष प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की वहीं दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के उपमंडल अभियंता ने बताया यदि समस्या है तो निदान किया जाएगा।

वानी खेड़ा के वार्ड वार्ड 13, 14, 15 के निवासियों में जयपाल, मदन, राजू, नरेश, केला देवी, सोमनाथ, मुकेश आदि ने बताया कि पिछले तीन माह से उनके वार्डों में अघोषित कट लगाए जा रहे हैं। भयंकर गर्मी में बच्चों व वृद्धों की हालत बिगड़ गई है। बिजली समस्या को लेकर कनिष्ठ व उपमंडल अभियंता सहित संबंधित कर्मचारियों को भी बताया गया लेकिन लाइन का फाल्ट बताकर पल्ला झाड लिया जाता है। लोगों ने बताया कि समाजसेवियों में विजय वर्मा, रघबीर गुर्जर, राजू, प्रेम, रोहताश आदि ने भी अधिकारियों से मिलकर समस्या का निदान करने का प्रयास किया लेकिर समस्या जस की तस बनी हुई है। प्रदर्शनकारियों का गुस्सा बढ़ता देख भाजपा वरिष्ठ नेता एवं ओसीसीआई राष्ट्रीय सचिव मा. दयानंद मौके पर पहुंचे और उनका गुस्सा शांत कर इस समस्या को हल्का विधायक एवं राज्य मंत्री स्वतंत्र भार बिसंबर वाल्मीकि को समस्या से अवगत कराकर समाधान की बात कही। तब जाकर वार्डवासियों का गुस्सा शांत हुआ।



बवानीखेड़ा। बवानी खेड़ा के वार्ड 13, 14, 15 में रोष प्रदर्शन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### क्या कहते है अधिकारी

इस बारे में बवानी खेड़ा दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के उपमंडल अभियंता राजेन्द्र कुमार ने बताया कि बिजली की समस्या का मामला उनके संज्ञान में नहीं है। पीछे से सप्लाई बाधित हो तो वे क्या कर सकते हैं यदि वार्ड 13, 14, 15 में दिक्कत है तो वे कर्मचारियों को भेजकर समस्या का समाधान करवाने का कार्य करेंगे।

---



तोशाम। अभिभावक बैठक को संबोधित करते स्कूल मुखिया जयपाल सिंह।

## अभिभावक-अध्यापक का गहरा रिश्ता होता है : जयपाल सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

- अभिभावक बच्चों के मित्र बनकर रहें, तभी बच्चा मन की बात बताएगा : जयपाल सिंह

अभिभावक और अध्यापक का आपस में गहरा जुड़ाव होता है। अभिभावक व अध्यापक बच्चों के उतार-चढ़ाव से वाकिफ होता है। उक्त शब्द मेगा अभिभावक बैठक में स्कूल मुखिया जयपाल सिंह ने बैठक को संबोधित करते हुए कहे।

जयपाल सिंह ने कहा कि आज बच्चों के साथ अभिभावक को गहरा प्रेम और उसका मित्र बनकर रहना होगा तभी जाकर बच्चा अपनी अंदर की बातें अपने अभिभावक को बतायेगा। उन्होंने कहा कि आज के समय में अधिकतर समस्याएं अभिभावक का बच्चों के साथ अपने विचार साझा न करने के कारण होती है इसलिए अभिभावक को अपने बच्चों के साथ हमेशा आदान-प्रदान विचारों का करना चाहिए। इस दौरान अमरजीत सिंह ग्रेवाल ने कहा कि आज बच्चों के साथ अभिभावक को खेलों खेलों में उसकी मानसिक बातें जान लेना चाहिए । बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलों के प्रति भी जागरूक करना चाहिए। इस अवसर पर ज्योति देवी, सुमन देवी, मुन्नी देवी, संजय कुमार आदि उपस्थित थे।

---

## आंदोलन में शामिल होने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाढ़ड़ा

- राजकीय प्राथमिक अध्यापक संघ 21 जुलाई को सीएम आवास का करेगा घेराव

राजकीय प्राथमिक अध्यापक संघ में अपनी लंबित मांगों को लेकर सरकार के प्रति रोष बना हुआ है। जिसके चलते उन्होंने अपनी मांगों को पूरा करवाने के लिए आंदोलन का रास्ता तैयार कर लिया है।

प्राथमिक अध्यापक संघ 21 जुलाई को सीएम आवास का घेराव करेगा व उससे पहले 18 जुलाई को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपेगा। इसके लिए संघ के पदाधिकारियों ने जिला प्रधान शमशेर सिंह रूदड़ौल की अगुवाई में मंगलवार को विभिन्न गांवों के स्कूलों में पहुंचकर उनको इससे अवगत करवाया व इस पर चर्चा करते हुए आंदोलन में शामिल होने का आह्वान किया। राजकीय प्राथमिक अध्याप संघ के जिला प्रधान शमशेर सिंह रूदड़ौल ने जानकारी देते हुए बताया कि जेबीटी अध्यापकों की लंबित मांगों को लेकर उनकी अगुवाई में 18 जुलाई को सायं साढे तीन बजे जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी चरखी दादरी के कार्यालय पर ज्ञापन सौंपा जाएगा। जिसके लिए जिला कार्यकारिणी व ब्लॉक प्रधानों विभिन्न स्कूलों में पहुंचकर अध्यापकों से संपर्क किया है तथा ज्ञापन सौंपने के दौरान जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर पहुंचने का आह्वान किया गया है। शमशेर सिंह ने बताया कि 21 जुलाई को वे अपनी मांगों को लेकर सीएम आवास का घेराव करेंगे इसके लिए भी संघ के पदाधिकारियों ने चर्चा की है। उन्होंने कहा कि उनकी मुख्य मांग है कि सामान्य तबादलों और अंतः जिला स्थानांतरण प्रक्रिया शीघ्र आरंभ कर प्राथमिक अध्यापकों के तबादले किए जाए। पीआरटी से टीजीटी पर शीघ्र पदोन्नति की जाएं और इसके बाद तबादला प्रक्रिया शुरू की जाए।

---

## शर्मा ने क्षेत्रवासियों की समस्याएं भी सुनीं

- भाजपा नेता श्याम सुंदर सनातनी ने आमजन के बीच पहुंचकर बताई भाजपा की नीतियां व सुनी समस्याएं
- लोगों ने श्याम सुंदर सनातनी को करवाया स्ट्रीट लाइट की समस्या से अवगत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। लोगों की समस्याएं सुनते हुए श्याम सुंदर सनातनी। फोटो : हरिभूमि

भारतीय जनता पार्टी की आमजन की नीतियों एवं योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भाजपा नेता श्याम सुंदर सनातनी ने मंगलवार को स्थानीय हनुमान ढ़ाणी क्षेत्र का दौरा किया तथा वहां के निवासियों को भाजपा की नीतियों को अवगत करवाया। इस दौरान श्याम सुंदर शर्मा ने क्षेत्रवासियों की समस्याएं भी सुनी। क्षेत्रवासियों ने सनातनी को बताया कि शाम होते ही इस क्षेत्र की गलियां में अंधेरा छा जाता है, क्योंकि यहां पर स्ट्रीट लाईट की व्यवस्था नहीं है। क्षेत्रवासियों ने कहा कि स्ट्रीट लाईट ना होने से इस क्षेत्र में हादसे होते रहते है। जिससे क्षेत्रवासी परेशान है। इस मौके पर श्याम सुंदर सनातनी ने क्षेत्रवासियों को बिजली की व्यवस्था जल्द मुहैया करवाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर भाजपा नेता श्याम सुंदर सनातनी ने कहा कि भाजपा का उद्देश्य प्रत्येक जन की छोटी से छोटी समस्या के समाधान के लिए गंभीर है। जिसके लिए सरकार ने प्रत्येक कार्य दिवस पर समाधान शिविर लगाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा भाजपा नेता जनता के बीच जाकर उनकी समस्याएं जान रहे है तथा समाधान भी करवाया जा रहा है, ताकि सरकार अपने कर्तव्य बखूबी निभा सकें। उन्होंने कहा कि भाजपा की आमजन हित की इसी सोच के चलते प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनेगी। इस अवसर पर प्रमोद पुनिया, सुरेंद्र, संजय, अमित, सोनू, सुदेश देवी, कोमल सैनी, दीपिका, सुनीता भी साथ रहे।

---

## हलवासिया विद्या विहार में प्रतियोगिता का आयोजन

- कार्यक्रम में 16 छात्र- छात्राओं ने भाग लेकर गीता श्लोकों की भावार्थ सहित सुंदर प्रस्तुति दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी



भिवानी। प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित करते हुए।

हलवासिया विद्या विहार के वरिष्ठ विभाग में संस्कृत परिषद् की ओर से श्रीमद्भगवदगीता श्लोकोच्चारण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। माँ शारदा के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम में 16 छात्र- छात्राओं ने भाग लेकर गीता श्लोकों की भावार्थ सहित सुंदर प्रस्तुति दी।

सभी प्रतिभागियों की श्लोक प्रस्तुति अत्यंत सराहनीय रही।आचार्या सारिका अरोड़ा के निर्देशन में प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। संस्कृत आचार्या आरती एवं संतोष कुमारी ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई।

छात्रा अवनी वशिष्ठ ने संस्कृत में सुंदर मंच संचालन किया। निर्णायक मंडल के रूप में विराजमान आचार्या संतोष कुमारी ने प्रत्येक प्रतिभागी की प्रस्तुति को अत्यंत सराहनीय बताते हुए कहा प्रतिभागियों ने हमें गीता के श्लोक याद दिलाते हुए हमारी संस्कृति की समृद्धि में योगदान दिया है। प्रतिभागियों द्वारा श्लोकों के उच्चारण, अभिव्यक्ति व भावार्थ के आकलन के आधार पर प्रतियोगिता के परिणाम घोषित किए। कक्षा बारहवीं की छात्रा रिया सिंह ने प्रथम, ईशु ने द्वितीय, कक्षा नौवीं की छात्रा काव्या ने तृतीय एवं छात्र प्रमोद व धनंजय द्विवेदी ने प्रोत्साहन पुरस्कार प्राप्त कर तालियां बटोरी। प्राचार्य विमलेश आर्य ने छात्रों को संदेश देते हुए कहा कि गीता हमें निरंतर कर्मरत रहने का संदेश देती है। इस अवसर पर भी विभाग प्रमुख अलेक्जेंडर दास,अमरेंद्र कुमार, सुवीरा गर्ग तथा स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

---

## जिला परिषद चेयरपर्सन का किया स्वागत

- पूर्व सीएम के नेतृत्व में शीघ्र पूर्ण बहुमत से कांग्रेस सरकार बनाएगी : अनिता मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम



तोशाम। आयोजित कार्यक्रम में एकत्रित लोगों को संबोधित करते हुए।

जिला परिषद चेयरपर्सन अनिता मलिक सोमवार को तोशाम से ट्रैक्टर चलाकर ढाणी कतवार में पहुँची। गांव में पहुँचने पर ग्रामवासियों ने फूल-मालाओं व पगड़ी पहनाकर स्वागत किया व 1 करोड़ 25 लाख रुपए की लागत से ढाणी कतवार से ईशरवाल के लिए बनने वाली सड़क का उद्घाटन किया और ढाणी कतवार में ज़िला परिषद से 10 लाख रुपए की लागत से एक गली व 5 लाख रुपए से पीने के पानी की पाइप लाइन व 5 लाख रुपए से जोहड़ की वाल दीवार व 5 लाख रुपए से ढाणी कतवार के स्टेडियम की चार दिवारी व 5 लाख रुपए से एक गली का निर्माण और गाँव में एक पानी का टैंकर दिया। इस दौरान लोगों को संबोधित करते हुए चेयरपर्सन ने कहा कि जल्द ही चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस पूर्ण बहुमत से सरकार बनने जा रही है। इस मौके पर अनूप भाकर, शेर सिंह, चन्दन खाती, सज्जन, कुलदीप सिंगल, राजेंद्र, मुकेश सरपंच, मनदीप सरपंच, सुरेंद्र भाकर, राजकुमार दहिया, चन्नी नंबरदार, सुनील मलिक, अजीत सिहाग आदि मौजूद रहे।

---

## चौहान को एचएसएससी सदस्य नियुक्त कर सीएम ने रखा राजपूत समाज का मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

रोहतक गेट स्थित राजपूत धर्मशाला में हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमबीर सिंह तंवर ने की।

इस मौके पर हरियाणा राजपूत प्रतिनिधि सभा के युवा विंग के प्रदेश महामंत्री रहे गुरुग्राम जिला के गांव वजीरपुर निवासी भूपेंद्र सिंह चौहान को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य नियुक्त किए जाने पर खुशी जताई। बैठक को संबोधित करते हुए हरियाणा राजपूत प्रतिभा सभा के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओमबीर सिंह तंवर ने कहा कि भूपेंद्र सिंह चौहान ने सभा के युवा प्रदेश महामंत्री के पद पर रहते हुए समाज के उत्थान की दिशा में अनेक फैसले लिए थे तथा तथा उन्हे पूरा विश्वास है कि हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग के सदस्य नियुक्त होने पर भी भूपेंद्र सिंह चौहान अपनी जिम्मेवारी को बाखूबी निभाते रहेंगे। इस मौके पर ओमबीर सिंह तंवर ने प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार जताते हुए कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री प्रत्येक वर्ग को समान रूप से आगे बढ़ाने में बेहतरीन कदम बढ़ा रहे है। उन्होंने कहा कि भूपेंद्र सिंह चौहान को हरियाणा कर्मचारी चयन आयोग का सदस्य नियुक्त करके मुख्यमंत्री ने राजपूत समाज का मान बढ़ाया है।

---

## हरियाणा मांगे हिसाब अभियान को लेकर अभिजीत लाल सिंह ने कार्यकर्ताओं को दिए निर्देश

**भिवानी।** सैक्टर-13 रोड़ स्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता अभिजीत लाल सिंह के कार्यालय पर मंगलवार को हरियाणा मांगे हिसाब अभियान के तहत कांग्रेस कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अभिजीत लाल सिंह ने आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए तथा इस विधानसभा चुनाव में पूरी ताकत से जुटने व कांग्रेस को पूर्ण बहुमत से जीत दिलाने की बात कही। बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेता अभिजीत लाल सिंह ने कहा कि किसी भी संगठन की असल ताकत कार्यकर्ता ही होते है। यदि कार्यकर्ता निष्ठावान व समर्पित होगा तो उस संगठन की जीत निश्चित है तथा कांग्रेस के कार्यकर्ता पार्टी के प्रति अपने समर्पण के लिए जाने जाते है। अभिजीत लाल सिंह ने कहा कि पिछले 10 वर्षो से भाजपा की आमजन विरोधी नीतियों का प्रहार झेल रहा प्रत्येक वर्ग भाजपा से बुरी तरह से तंग व परेशान है तथा एक मजबूत व आमजन हितैषी विकल्प को ढूंढ रहा है। जिनके समक्ष अब सिर्फ कांग्रेस ही एकमात्र विकल्प है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि आमजन के बीच जाकर कांग्रेस के हरियाणा मांगे हिसाब अभियान के तहत भाजपा की कुनीतियों व कांग्रेस की आमजन हित की नीतियों से अवगत करवाएं। इस अवसर पर जगत पूर्व सरपंच, पंडित धर्मबीर, कैप्टन सुरेश फुलपुरा, अधिवक्ता देवेंद्र, अधिवक्ता रमेश देवसर, सुखबीर तंवर, ईश्वर ठाकुर, मनदीप सरोहा, जोगेंद्र धारेड़ू, पाले धारेड़ू, सीटू सरपंच, जम्मू धारेड़ू, बिट्टू मानहेरू, जितेंद्र नंबरदार सांगा, सतीश सांगा, राजबीर, सचिन ढाणा, गौरव तंवर, संजू शर्मा, मुकेश कमलानगर, बिंद्र देव नगर, दीपक तंवर, मोहित परमार, वंश शर्मा, अक्षय यादव, मानवेन्द्र तंवर सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---



तोशाम। जनसम्पर्क से पहले पूजा अर्चना करते पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल के पोते तथा बीसीसीआई के पूर्व कोषाध्यक्ष कांग्रेस नेता अनिरुद्ध चौधरी। फोटो : हरिभूमि

## कांग्रेस नेता अनिरुद्ध चौधरी ने मंदिरों में माथा टेका, लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तोशाम

- कांग्रेस नेता अनिरुद्ध चौधरी सर्वप्रथम तोशाम पहाड़ी पर स्थित बाबा मुंगीपा मंदिर में पहुंचे और पूजा-अर्चना की

पूर्व मुख्यमंत्री बंसीलाल के पोते तथा बीसीसीआई के पूर्व कोषाध्यक्ष कांग्रेस नेता अनिरुद्ध चौधरी ने मंगलवार को कस्बे के विभिन्न मंदिरों में मत्था टेककर तोशाम हलके के गांव में जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। मंगलवार को कांग्रेस नेता अनिरुद्ध चौधरी सर्वप्रथम तोशाम पहाड़ी पर स्थित बाबा मुंगीपा मंदिर में पहुंचे और पूजा-अर्चना की वहीं पहाड़ी पर स्थित हनुमान मंदिर तथा श्री श्याम मंदिर में भी अनिरुद्ध चौधरी ने मतथा टेककर आगामी चुनाव में विजय की कामना की।

तत्पश्चात कांग्रेस नेता अनिरुद्ध चौधरी तोशाम के प्राचीन छपारिया हनुमान मंदिर पहुंचे जहां पहुंचकर उन्होंने मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित रामकिशन महाराज से आशीर्वाद लिया और मंदिर में हनुमान जी की पूजा-अर्चना की। इसके बाद उन्होंने तोशाम हलके के गांव सागवान, अलखपुरा, भूरटाना, कीरावड़, ढाणी कीरावड़ आदि का दौरा कर अपने जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से रूबरू होते हुए कहा की तोशाम हल्का उनका घर है तथा यहां के लोग उनके परिवार के सदस्य हैं। पुराने समय में उनके दादा चौधरी बंसीलाल ने यहीं से राजनीति की शुरुआत की थी, और तोशाम हलके के लोगों की बदौलत ही वह मुख्यमंत्री पद सहित राजनीति में उच्च मुकाम हासिल कर सके थे। उन्होंने कहा कि एक बार फिर मौका आया है उनकी विरासत को आगे बढ़ाने का और पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी बंसीलाल का इकलौता पोता तो शाम हल्के रूपी परिवार से आशीर्वाद लेने के लिए आप लोगों के बीच है। ग्रामीणों ने कांग्रेस नेता अनिरुद्ध चौधरी को चुनाव में पूरा सहयोग करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर तोशाम विधानसभा पूर्व प्रत्याशी सीताराम सिंगला, अशोक धोला, डॉ. विजय मंदोला, मनदीप ढाणी माहू, पवन दूहन सागवान, दिनेश धनखड़, रवि आर्य आदि मौजूद रहे।

---

#### दि ऑकवुड स्कूल में पर्यावरण संरक्षण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

# बेस्ट आऊट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया हुनर

- नर्सरी से यूकेजी के बच्चों ने चिड़ियाघर का दौरा कर पर्यावरण संरक्षण में पशु-पक्षियों के महत्व को जाना
- प्रतियोगिता में तेजस प्रथम, रीतिक व मानसी द्वितीय व दीक्षा रही तृतीय : प्राचार्य सज्जन भारद्वाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी





भिवानी। प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी तथा प्रतियोगिता में भाग लेने के बाद घर जाते नन्हें प्रतिभागी।

प्रकृति है तो हम है। इस बात का बोध प्रत्येक जन विशेषकर बच्चों को जरूर होना चाहिए। क्योंकि बच्चे देश के भविष्य है तथा उन्ही के मासूम कंधों पर देश के स्वर्णिम भविष्य की नींव टिकी हुई है। इस बात को ध्यान में रखते हुए स्थानीय हांसी रोड़ स्थित दि ऑकवुड स्कूल में पर्यावरण के प्रति विद्यार्थियों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से साप्तहिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत पर्यावरण जागरूकता कविता, स्लोगन व भाषण सहित विभिन्न जागरूक गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार को बेस्ट आऊट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। इसके अलावा नर्सरी व यूकेजी के बच्चों के बच्चों को चिड़ियाघर का दौरा भी करवाया, उन्हे पर्यावरण संरक्षण में पशु-पक्षियों की महत्ता के बारे अवगत करवाया जा सकें। इस मौके पर विद्यालय प्राचार्य सज्जन भारद्वाज ने कहा कि प्रतियोगिता का मूल उद्देश्य बच्चों को पर्यावरण में बढ़ रही गंदगी के प्रति जागरूक कर उन्हे इस दिशा में सकारात्मक भूमिका निभाने बारे जागरूक करना है। उन्होंने बताया कि बेस्ट आऊट ऑफ दि बेस्ट प्रतियोगिता में कक्षा छठी से 10वीं तक के सभी विद्यार्थियों ने भागीदारी की तथा पुराने अखबार, प्लास्टिक की बोतल व घर में स्थाई रूप से पड़ी बेकार चीजों को आश्चर्यजनक रूप से बहुत सुंदर तथा उपयोगी वस्तुओं में परिवर्तित किया। प्राचार्य ने बताया कि प्रतियोगिता में कक्षा 9वीं से तेजस ने प्रथम, 8वीं से रीतिक सांगवान व 7वीं से मानसी ने संयुक्त रूप से द्वितीय तथा छठी से दीक्षा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय निदेशक दिनेश सिंह तथा मैनेजमेंट सदस्य विक्रम राणा व मानवेंद्र सिंह सहित समस्त स्टाफ सदस्यों ने बच्चों के प्रयास की प्रशंसा की। उन्होंने बताया कि साप्ताहिक जागरूकता कार्यक्रम के तहत 17 जुलाई को पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया जाएगा। जिसमें बच्चें अपनी कल्पनाओं को रंगों के माध्यम से एक साकार रूप देंगे। इसके अलावा 18 जुलाई को कोलाज मेकिंग व 19 को पेंटिंग प्रतियागिता आयोजित होंगी। इसके उपरांत 20 जुलाई शनिवार को लघु नाटिका के माध्यम से बच्चों को पर्यावरण संरक्षण बारे जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर समस्त स्कूल स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### मोबाइल वैन लोगों को कर रही जागरूक : सीजेएम

**भिवानी।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन देशराज चालिया के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम कपिल राठी के कुशल मार्गदर्शन में हालसा की मोबाइल वैन द्वारा भिवानी के अलग-अलग गांवों में कानूनी जागरुकता शिविरों सहित डोर-टू-डोर मुहिम चलाई जा रही है। इस कानूनी जागरुकता अभियान के अंतर्गत आज मंगलवार को गांव दिनोद, कोहाड़, हरिपुर, पालुवास, नवां, धिराणा, कालिंगा के राजू पाना व सवाई पाना, ढाणी ब्राहमण, आसलवास महरेढ़ा, तिगड़ाना, घुसकानी, देवसर ओरलोहानी में कानूनी सेवाएं अथॉरिटी की विभिन्न स्कीमों के बारे में पैनल एडवोकेट अनुराधा खंगनवाल और विनोद कुमार ने जानकारी दी।

### डिफेंस कोचिंग अकेडमी के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**भिवानी।** चरखी दादरी - आल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में डिफेंस कोचिंग एकेडमी के विधार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया है। कक्षा 9 में रोहित कादयान टिकान का सैनिक स्कूल कुंजपुरा में, कुनाल चाहार (सिलानी) का पुलवाम में, कक्षा छठी से दिशांक फौगाट (मौडी) का कुंजपुरा में, भव्य सांगवान (अटेला) का कुंजपुरा, पीयूष दिसोदिया (पैंतावास) का कुंजपुरा, रेहान दिसोदिया (पैंतावास) का कुंजपुरा में, आदित्य सिंह (लाड) का कुंजपुरा, गौरव मेहरा (खेडी सनवाल) कुंजपुरा, चेतना यादव (जहाजगढ) रेवाडी, हर्ष घणघस (धनाना) रेवाडी, रविशचंद्र (जसिया रोहतक) सैनिक स्कूल रेवाडी में चयन हुआ है।

## गृहमंत्री शाह के कार्यक्रम में जिले से 146 रोडवेज बसें महेंद्रगढ़ भेजी

# दिनभर बसों का इंतजार करते रहे यात्री, खाली पड़े रहे बूथ

### भिवानी जिले में रोडवेज बेड़े में 237 बसें है, 141 बसें रूट्स पर चलीं

राकेश भटटी ▶▶| भिवानी

महेंद्रगढ़ जिले पाली में होने वाले पिछड़ा वर्ग सम्मान सम्मेलन व केंद्रीय गृहमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह के आगमन को लेकर प्रशासन पूरी तरह से चुस्त हैं और तैयारियों में जुटा हैं। सम्मेलन की सफलता के लिए भिवानी जिले के रोडवेज बेड़े से 146 बसें महेंद्रगढ़ भेजी गई हैं, जिसके चलते सभी रूट्स प्रभावित हो गए हैं। भिवानी जिले में रोडवेज बेड़े में कुल 237 बसें है, जिनमें डिपो में लगभग 141 बसें रूट्स पर चलती हैं, जिनमें 25 बसें किलो मीटर स्कीम और 10 से 12 बसें ड्राइविंग स्कूल की हैं, जो हैवी लाइसेंस के लिए युवाओं को बस चलाना सिखाने का काम करती है। वहीं लोहारू व तोशाम सब डिपो में लगभग 42-42 बसें है। जिलेभर की 237 बसों में से 146 बसें महेंद्रगढ़ भेजे जाने से सभी ग्रामीण, शहरी, अंतर जिला व अंतर राज्य रूट्स प्रभावित रहे। 146 बसों में से पांच बसे वापस आई। बस स्टैंड व रूट्स पर दिनभर यात्री बसों का इंतजार करते रहे और परेशान रहे। उल्लेखनीय हैं कि मंगलवार को महेंद्रगढ़ में होने वाले पिछड़ा वर्ग सम्मान सम्मेलन की सफलता के लिए प्रशासन पूरी तरह से एक्टिव मोड पर नजर आ रहा है, लेकिन बस स्टैंड, ग्रामीण व शहरी रूट्स और लंबे रूट्स पर यात्री काफी परेशान रहे। कर्मचारी, ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के लोग अपने गंतव्य पर नहीं पहुंच सके। इसके अलावा विद्यार्थी स्कूल व कॉलेजों में भी नहीं पहुंच सके और उनकी पढ़ाई प्रभावित रही। गत सोमवार को रूटों से हटाकर भिवानी रोडवेज की 62 बसों को महेंद्रगढ़ भेजा गया। इसके अलावा मंगलवार सुबह 84 बसों को महेंद्रगढ़ सम्मेलन में लोगों को ले जाने के लिए जिले के 77 गांवों व शहर में सात बसों को लगाया गया। भिवानी जिले में रोडवेज बेड़े में कुल 237 बसें है, जो जरूरत के अनुसार पहले ही कम है। सोमवार व मंगलवार को 146 बसों को महेंद्रगढ़ भेजे जाने से लगभग 150 रूट्स प्रभावित रहे और पहले से बसों की कमी के चलते दिक्कतों का सामना कर रहे यात्रियों की परेशानी और अधिक बढ़ गई। जिलेभर में रूट्स पर बसों की कमी न खले इसलिए सभी लंबे रूट्स बस सेवा रद की गई और व्यवस्था बनाने का प्रयास किया गया, लेकिन मात्र 89 बसों से काम चला पाना असंभव रहा और यात्री दिनभर परेशान रहे। मंलगवार को चंडीगढ़, मथुरा, मुरादाबाद, हरिद्वार, आगरा, देहरादून, चुरू, सीकर, अजमेर सहित लंबे रूट्स पर बस सेवा बंद रही, जिसके चलते इन रूटों पर यात्री दिनभर बसों का इंतजार करते रहे और परेशान एवं निराश होकर उन्हें या तो घर लौटना पड़ा या फिर उन्हें प्राइवेट वाहनों से गंतव्य तक पहुंचने में दो-चार होना पड़ा।




**भिवानी।** बस स्टैंड पर रोडवेज बसों की कमी के चलते जमा यात्रियों की भीड़ व बस स्टैंड पर बसों का इंतजार करते यात्री व खाली पड़े बसों के बूथ। फोटो :हरिभूमि

#### दिनभर भटकते रहे यात्री

*रोडवेज बेड़े में भिवानी जिले में कुल 237 बसें है, जिनमें 10-12 ड्राइविंग स्कूल और 25 बसें किलोमीटर स्कीम की बसें शामिल है, जिनमें से 146 बसों को महेंद्रगढ़ में होने वाले बीसी सम्मान सम्मेलन को भेज दिया गया, जिस वजह से भिवानी डिपो के करीब 100 रूट्स तथा लोहारू व तोशाम सब डिपो के करीब 50 रूट्स प्रभावित रहे। बसों की कमी के चलते यात्रियों को दिनभर परेशानी का सामना करना पड़ा। बस स्टैंड व ग्रामीण रूट्स पर दिनभर बसों की समस्या बनी रही और बसों को लेकर हा-हाकार रहा। बसों की कमी के चलते सभी रूट्स प्रभावित रहे।*

#### लंबे रूट्स की बसें की रद

*महेंद्रगढ़ जिले में राज्य सरकार द्वारा आयोजित बीसी सम्मान सम्मेलन में सोमवार को 76 व मंगलवार को 61 बसें भेजी गई है, जिस वजह से बसों की कमी रही। यात्रियों को ज्यादा परेशानी न हो, इसलिए लंबे रूट्स पर बस सेवा बंद की गई। भिवानी जिले में रोडवेज बेड़े में कुल 237 बसें है और बाकि बची बसों से व्यवस्था बनाने का प्रयास किया गया, ताकि यात्रियों को कुछ राहत मिल सके।* ***विक्रम कंबोज, महाप्रबंधक, रोडवेज डिपो, भिवानी।***

#### दूसरे राज्यों में नहीं गई बसें

भिवानी जिले से लगभग 15-20 बसें अंतर राज्यों में जाती है, जिनका रोडवेज विभाग को प्रतिदिन के हिसाब से महीने का टैक्स देना पड़ता है। भिवानी जिले से राजस्थान के चुरू, सीकर व अजमेर, चडीगढ़, यूपी के मथुरा, अलीगढ़ व मुरादाबाद, उत्तराखंड के हरिद्वार व देहरादून आदि लंबे रूटों पर बसें जाती है, जिन्हें बसों की कमी के चलते बंद किया गया हैं। रोडवेज मशीनरी का सरकार दुरूपयोग कर रही हैं और सरकारी कार्यक्रमों में रोडवेज बसों को भेजा जाता हैं, जिससे रोडवेज विभाग को रिवेन्यू का काफी नुकसान हो रहा हैं। इसके अलावा बसों को रूटों से हटाकर सरकार की रैली में बसों को भेजने से यात्रियों को असुविधा हुई, कोई भी व्यक्ति समय पर अपने गंतव्य पर नहीं पहुंच सका। ***अनिल फौजी, डिपो प्रधान, हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ।***



**भिवानी।** एसडीएम हरबीर सिंह व सीटीएम विपिन कुमार समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते हुए। फोटो :हरिभूमि

## शिविर में आई शिकायतों का अधिकारी प्राथमिकता से करें निपटान: एसडीएम

- डीसी करेंगी हर शिकायत के क्रियान्वयन की समीक्षा
- लोगों की सुनी समस्याएं और अधिकारियो को दिए समाधान के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

डीसी मनदीप कौर के दिशा-निर्देश पर सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार एसडीएम हरबीर सिंह और सीटीएम विपिन कुमार ने सयुक्त रूप से मंगलवार को डीआरडीए हाल में समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते हुए कहा कि समाधान शिविर में आई शिकायतों का अधिकारी प्राथमिकता से निपटान करें। एसडीएम हरबीर सिंह ने कहा कि डीसी मन्दीप कौर स्वयं समाधान शिविर में आई हर शिकायत के क्रियान्वयन की समीक्षा करेंगी।

उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनकर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियो को समाधान के निर्देश दिए। लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में एसडीएम हरबीर सिंह ने समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान करने के निर्देश देते हुए कहा कि लोगों की मूलभूत जरूरतों को अधिकारी सरकारी योजनाओं और परियोजनाओं के क्रियान्वयन को सरकार की गाइड लाइन के अनुसार तुरंत पूरा करें। एसडीएम ने कई फरियादियों के दस्तावेज पूर होने पर समस्या का समाधान के लिए मौके पर ही मौजूद संबंधित विभाग के अधिकारियों को तुरंत निर्देश देकर समस्या का निपटारा करवाया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न मामलों की समस्याएं सुनी। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर में समाधान प्रकोष्ठ के समक्ष आने वाली प्रत्येक शिकायत का प्राथमिकता के साथ समाधान शिविर बारे बताया कि सरकार ने निर्देशानुसार प्रशासन और पुलिस जनता की समस्याओं का समाधान करने के लिए हर संभव प्रयासरत है। अगर शिकायत कर्त्ता के पास सभी दस्तावेज पूर हैं, तो उसकी समस्या का समाधान मौके पर ही किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य दिवस को जिला स्तर पर स्थानीय लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में व उपमंडल स्तर पर उपमंडलाधीश कार्यालय में सुबह 09.00 से 11.00 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। समाधान शिविर में लोगों की इंतकाल, नीलामी की जमीन नाम करवाने बारे, जमाबंदी, खेत में सिंचाई के लिए नाली की मांग, प्रॉपर्टी आईडी, पीपीपी, पुलिस विभाग से संबंधित, राशन कार्ड आदि से संबंधित समस्याएं सुनीं।



**चरखी दादरी।** कड़ी चावल का प्रसाद लेते श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## हनुमान मंदिर में भंडारे में बांटा कड़ी-चावल का प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

विश्राम गृह स्थित हनुमान मंदिर में प्रत्येक मंगलवार को सुबह 9:15 बजे से प्रभु इच्छा तक लगने वाले भंडारे में दादरी के रेलवे रोड स्थित मोती स्वीट्स के संचालक नितिन गोयल ने कड़ी-चावल का सहयोग प्रदान कर भंडारे का आयोजन किया, जिसमें काफी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद वितरण कार्यक्रम ब्रह्मलीन श्रीश्री 1008 मुरलीनाथ महाराज, डेरा साहुवास के महंत बाबा जालिम दास महाराज के सानिध्य में श्रीअन्नपूर्णा सेवा की तरफ से पूरी, सब्जी व हलवे का प्रसाद भंडारे में शामिल किया। विनोद कायत व मुकेश चिमनीवाले ने बताया कि आज के भंडारे में सर्वप्रथम भगवान हनुमान की विधिवत पूजा अर्चना के बाद भोग लगाकर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद वितरण किया। इस दौरान श्रद्धालुओं के बीच भक्तिमय माहौल देखने को मिला, प्रसाद ग्रहण से पहले सभी ने बालाजी महाराज व जय श्रीराम के नारों से मंदिर परिसर को गुंजायमान रखा।

## नप चेयरमैन समर्थकों के साथ पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

महेंद्रगढ़ के पाली स्थित केंद्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित पिछड़ा वर्ग सम्मेलन में भाग लेने के लिए पूरे प्रदेश की अलग अलग जगहों से बसों के जरिए कार्यकर्ता, पदाधिकारी व मौजिज व्यक्ति रवाना हुए। इसी कड़ी में दादरी नगर से नगर परिषद चेयरमैन बख्शीराम सैनी ने भी बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उनकी अगुवाई में बसों के बेड़े में नगर तथा आसपास क्षेत्र में रहने वाले ओबीसी वर्ग व अन्य वर्गों के नागरिक बसों के जरिए सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए गए।

नप चेयरमैन बख्शीराम सैनी ने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार ने हमेशा से ही आम जरूरतमंद नागरिकों की समसयाओं को हल करने के लिए आगे बढ़कर कदम उठाए है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन को बतौर मुख्यतिथि



वक्ता केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह संबोधित करेंगे तथा अध्यक्षता मुख्यमंत्री नायब सैनी करेंगे। भाजपा की सरकार हमेशा हर वर्ग को साथ लेके चलने का काम करती है। देश व प्रदेश की सरकार हर वर्ग को सम्मान देती है चाहे वो पिछड़ा वर्ग के लोगों के सम्मान की बात हो या सभी के हितों की रक्षा बीजेपी हमेशा काम करने व सभी को साथ लेकर चलने सभी के विकास में यकीन रखती है।

## सरकार पर बरसे प्रदर्शनकारी

- हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज संघ की अनिश्चितकालीन हड़ताल से आमजन परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ से संबंधित हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल्ज संघ ने मंगलवार से अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। लघु सचिवालय सरल केंद्र में पेन डाउन होने की वजह से आमजन परेशान,कार्य से आए, लेकिन हड़ताल के चलते वापिस लौटे। इससे पूर्व एकत्रित प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। एचसी कुलदीप ने बताया कि ऑपरेटर्स की कुछ मांगें हैं जिनके



**भिवानी।** कम्प्यूटर ऑपरेटरों के हड़ताल चले जाने के बाद खाली पड़े केबिन।

चलते पेन डाउन किया गया है। लेकिन आमजन भी परेशान हैं। कई बार इस बारे में सरकार से बातचीत हुई,लेकिन उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जा रहा है,जिसके चलते उनको आज हड़ताल पर जाना पड़ा। उन्होंने बताया कि उन्होंने सरकार से डीआईटीएस का केंद्रीयकरण करते हुए बजट का प्रावधान, कर्मचारियों के पद सर्जित, नियमतिकरण की पॉलिसी में डीआईटीएस के आधीन कार्यरत्त कर्मचारियों को शामिल करते हुए नियमित किए जाने तथा तब तक 58 वर्ष की सेवा सुरक्षा दिए जाने, हरियाणा कौशल रोजगार निगम में भेजे गए सभी डीआईटीएस कर्मचारियों को डीआईटीएस में शामिल किए जाने, समान काम-समान वेतन, डीआरडीए/रैडक्रॉस के समकक्ष डीआईटीएस के आधीन कार्यरत्त कर्मचारियों को लाभ प्रदान किए जाने की मांग को शीघ्र पूरा करने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया जाता, तब तक उनका आदोलन जारी रहेगा। इस हड़ताल से आमजन परेशान है सरल केंद्र में काम करवाने के लिए आए नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ा ।

## पर्यावरण शुद्धीकरण के लिए जगह चयनित

- शहरी व ग्रामीण इलाकों के लिए आठ प्रोजेक्टों को डीसी ने दी मंजूरी, जल्द सुधरेगी आबो हवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

दादरी जिले की आबो हवा जल्द बदलने वाली है क्योंकि उपायुक्त मनदीप कौर ने आज शहरी और ग्रामीण इलाकों के पर्यावरण को आगामी पीढ़ियों के लिए सुरक्षित रखने एसके गंभीर प्रयास शुरू कर दिए हैं। इसी परियोजना को सिरे चढ़ाने के लिए उपायुक्त ने मंगलावर को लघु सचिवालय के सभागार में अधिकारियों के साथ गहन मंथन किया। उपायुक्त ने जानकारी देते हुए कहा कि



**भिवानी।** अधिकारियों से पर्यावरण संरक्षण को लेकर मंथन करते उपायुक्त। फोटो :हरिभूमि

आज के दौर में पर्यावरण को सुरक्षित रखना सबसे अहम मुद्दा है और इसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पर्यावरण को सुरक्षित और साफ रखने के उद्देश्य को लेकर आठ प्रोजेक्ट को मंजूरी दी गई है । जिनमे बरसाती पानी का सुधार और दोबारा प्रयोग, क्रेशर जोन की तरफ जाने वाली सड़कों का सुधारीकरण, गावों में साइंटिफिक सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट कार्य, सरकारी स्कूलों में छोटे वन क्षेत्र, शहर के पार्कों में घना पौधारोपण और सुधारीकरण, धूलभरे इलाकों, चौराहों में फव्वारा सिस्टम लगाना, खनन वाले इलाको के साथ लगते गांवों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शिविर लगाना और अरावली के पहाड़ी इलाक़े में हेलीकाप्टर द्वारा बीज डाल कर वन क्षेत्र को बढ़ाना शामिल है। उपायुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को सख़्त निर्देश देते ह्यूज कहा की उनसे संबंधित इलाकों में पर्यावरण को सुधारने के लिए आगामी दो दिन के भीतर जगह का चयन करके प्रपोज़ल उनके समक्ष प्रस्तुत करे ।



### रक्तदान शिविर में 55 यूनिट रक्त किया एकत्रित

**भिवानी।** रक्तदान को दुनिया में सबसे बड़ा दान माना गया है, क्योंकि रक्तदान न केवल किसी जरूरतमंद मरीज का जीवन बचाता है, बल्कि उस व्यक्ति से जुड़े लोगों के जीवन में खुशियों के रंग भरने का भी काम करता है। रक्तदान-महादान की मुहिम पर चलते हुए मंगलवार को स्थानीय रोहतक रोड स्थित एमके अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में भिवानी के चौधरी बंसीलाल नागरिक अस्पताल व फ्रीडम ब्लड बैंक भिवानी की टीम ने 55 यूनिट रक्त एकत्रित किया। शिविर की अगुवाई यूनिट हैड चांदनी कंचवा ने की। उन्होंने बताया कि रक्तदान ऐसा सामाजिक कार्य है, जिससे न केवल जरूरतमंद मरीज की जान बचाई जा सकती है, बल्कि मन को भी शांति मिलती है। शतकवीर रक्तदाता राजेश डुडेजा ने कहा कि किसी व्यक्ति द्वारा दान किए रक्त से किसी भी दुर्घटनाग्रस्त व्यक्ति, गर्भवती महिला व अन्य बीमारी से ग्रस्त रोगी का जीवन बचाया जा सकता है, जो मानव सेवा का सबसे उदाहरण है। उन्होंने कहा कि छोटी काशी के लोग रक्तदान के प्रति जागरूक होते रहे है इस अवसर पर आयोजक डॉ. सौरभ जुनेजा, बलराज कुमार व एमके हॉस्पिटल टीम ने सभी रक्तवीरों का आभार जताया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### 17 से होंगे समाधान विशेष शिविर: उपायुक्त

**भिवानी।** डीसी मन्दीप कौर ने कहा कि जिला में पीएम किसान सम्मान निधि योजना की रुकी हुई किस्त के समाधान के लिए 17 जुलाई से विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि जिन किसानों की पीएम किसान सम्मन निधि योजना का लाभ लेने के लिए दस्तावेजों में कमी रह गई थी। अब उन किसानों की समस्याओं के लिए 17 जुलाई से 07 अगस्त तक शिविर आयोजित कर समाधान किया जाएगा। उन्होंने किसानों का आह्वान किया है कि जिन किसानों की ई केवाईसी व सत्यापन कार्य अधूरा रहता है, वें किसान इन विशेष शिविरों में आकर अपना कार्य पूरा करवा और पीएम किसान स्व निधि योजना का लाभ उठाएं। कृषि उपनिदेशक विनोद फौगाट ने यह जानकारी दी।

### स्कूली बच्चों के लिए हुई दुविधा

## मामूली-सी बारिश में गलियां पानी से लबालब

- नाममात्र की बारिश से विद्यालय के सामने स्थित गली में पानी जमा हो गया

हरिभमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा में हल्की-फुल्की बारिश ने विभागों की पोल खोलकर रख दी। ढ़ाणी यादव स्थित राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला के सामने गली में बारिश का पानी जमा होने व सीवरेज व नालियों की व्यवस्था में सुधार न होने पर बच्चों को जूते-चप्पलों सहित बैग कंधों पर लादकर पानी में से गुजरना पड़ा। वहीं पब्लिक हेल्थ के कनिष्ठ



बवानीखेड़ा। गली में जमा पानी से निकलते हुए विद्यालय के बच्चे।

अभियंता व नपा के सफाई निरीक्षक ने व्यवस्था को दुरूस्त करने की हामी भरी। उल्लेखनीय है कि ाणी स्थित वार्ड 13, 14, 15 में बालवाटिका से पांचवी कक्षा के बच्चों के लिए शिक्षा विभाग द्वारा राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला स्थापित की गई है जिसमें सैकड़ों बच्चे शिक्षा ग्रहण करने के लिए आते हैं। मंगलवार को नाममात्र की बारिश आने से विद्यालय के सामने स्थित गली में बारिश का पानी जमा हो गया और बच्चों व शिक्षकगण भी इस पानी को देखकर दांतों तले ऊंगली दबाने को मजबूर हो गए। वहीं वार्डवासियों ने भी प्रशासन के सिर पर ठिकरा फोड़ते हुए बताया कि उनके वार्ड की कोई सुध नहीं ली जाती। कई कई दिनों बार सफाई कर्मचारियों के दर्शन होते हैं। विद्यालय की छुट्टी होते ही विद्यालय स्टाफ द्वारा गली में पानी जमा होने व नाली, सीवरेज से पानी न निकलने बच्चों को अपनी मौजूदगी में बाहर निकाला ताकि बच्चे फिसलकर न गिर जाएं। शिक्षकों ने भी प्रशासन से सुध लेने की बात कही।

#### उमस व गर्मी से छुटकारा

बवानीखेड़ा इलाके में देर शाम आई हलकी बारिश से कई जगहों पर जलभराव की स्थिति बनी,लेकिन लोगों को गर्मी व उमस से कुछ हद तक राहत मिली है। चूंकि पिछले कई दिनों से उमस व गर्मी ने लोगों को बेहाल कर रखा था। आज हलकी बारिश हुई है। इ ससे लोगों को कुछ हद तक राहत जरूर मिलेगी। फिलहाल जो बारिश हुई से फसलों में भी थोड़ा बहुत फायदा जरूर होगा। दूसरी तरफ इस बारे में जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के कनिष्ठ अभियंता सुनील कुमार व नपा सफाई निरीक्षक एवं पटवारी संदीप ने बताया कि कर्मचारियों को भेजकर व्यवस्था को दुरूस्त करवाया जाएगा ताकि बच्चों सहित वार्डवासियों को दिक्कत न हो।